...गार ने वेंकटेश्वरा समूह द्वारा ढाई दशक में उत्कृष्ट शिक्षा के साथ-साथ चलाई जा रही निशुल्क स्वास्थ्य सेवा व अन्य योजनाओं की केंद्रीय मंत्री को जानकारी दी। ...स्तरीय उच्च शिक्षा, निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की प्रशंसा की। उन्हें भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा हरसंभव मदद दिलाने का भी भरोसा दिया।

# संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

## 75 प्रतिभागियों ने लिया प्रतियोगिता में हिस्सा

**अमरोहा।** जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा प्रायोजित जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुल 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से संस्कृत के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ेगी तथा उन्हें प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि जनपद के लगभग दर्जन भर विद्यालयों के 75 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें संस्कृत वाचन, संस्कृत सामान्य ज्ञान तथा संस्कृत गीत प्रतियोगिता कराई गई।

गीत प्रतियोगिता में काव्या सिंधु ने पहला, संचित शर्मा ने दूसरा, नंदिका राव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्कृत वाचन प्रतियोगिता में सोफिया ने पहला, आंचल ने दूसरा व हिमांशी चौहान ने तीसरा स्थान पाया। संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में श्वेता ने पहला, रिया भाटी ने दूसरा व अक्सा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

पहला स्थान पाने वाले को एक हजार, दूसरे को आठ सौ, तीसरे को सात सौ रुपये की धनराशि उनके खाते में प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही प्रमाण पत्र, प्रतीकात्मक चेक तथा ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। पहला व दूसरा स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी मंडलस्तरीय प्रतियोगिता में अगले माह प्रतिभाग करेंगे और मंडलस्तर के विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में निर्णायक सीता आर्या, डॉ. रिंकू कुमार, खेमराज शर्मा आदि निर्णायक रहे। इस दौरान चीफ प्रॉक्टर डॉ. नवनीत विश्नोई, राजकिशोर शुक्ला, डॉ. रश्मि उपाध्याय, डॉ. आभा सिंह, विकास मोहन श्रीवास्तव, अमित भटनागर, डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ.राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# इशांत, मनवस व अंशुल बैडमिंटन में रहे अव्वल

अमर उजाला ब्यूरो

प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए।

# जेएस पीजी कॉलेज में संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आज


**खास बात**

**विजेता विद्यार्थी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में सितंबर में लेंगे भाग**

**आर्यावर्त केसरी ब्यूरो**

**अमरोहा।** संस्कृत के प्रचार-प्रसार, संवर्धन-संरक्षण के साथ-साथ छात्रों में संस्कृत भाषा के प्रति अनुराग उत्पन्न करना और बालकों की अंतर्निहित शक्तियों का सर्वांगीण विकास करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा प्रदेश भर में संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया जा रहा है। जिससे संस्कृत प्रतिभाओं को खोजने और उनको प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी।

इस प्रतियोगिता में 11000 तक का आकर्षक पुरस्कार भी रखा गया है। कक्षा 6 से 12 तथा स्नातक व स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों में छुपी हुई संस्कृत प्रतिभाओं को खोजने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन क्रमशः जनपद, मंडल और राज्य स्तर पर किया जाएगा। आज (बुधवार) 21 अगस्त को अमरोहा



जनपद स्तर पर संस्कृत गीत, संस्कृत वाचन और संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन जेएस हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में होगा।

इन प्रतियोगिताओं में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्तकर्ता प्रतिभागी मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे और मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जायेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक अमरोहा ने जेएस हिंदू पीजी कॉलेज अमरोहा को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के लिए आयोजक संस्था नामित किया है।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि महाविद्यालय का संस्कृत विभाग आज 21 अगस्त को होने वाली प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की नियमावली के अनुसार विधिवत संपन्न कराने की तैयारी कर रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति अनुराग बढ़ता है। विगत वर्ष भी इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में किया गया था। जिसमें लगभग सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

जनपद संयोजक डॉ0 अरविंद कुमार ने बताया कि जनपद स्तर पर संस्कृत गीत प्रतिभा खोज, संस्कृत वाचन प्रतिभा खोज तथा संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। संस्कृत गीत प्रतियोगिता में प्रतिभागी संस्कृत संस्थान द्वारा निर्धारित गीत ही गा सकेंगे। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से मौखिक संस्कृत से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। इन दोनों प्रतियोगिताओं में किसी भी बोर्ड से संबद्ध विद्यालय के बच्चे भाग ले सकेंगे। संस्कृत वाचन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से उनकी पाठ्य पुस्तक पढ़वाई जाएगी। इस प्रतियोगिता हेतु जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता को 1000 द्वितीय को 800 तथा तृतीय को 700 रुपये धनराशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। इस वर्ष विभिन्न विद्यालयों के 75 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता के लिए आवेदन किए हैं, जिनकी प्रतियोगिता आज 21 अगस्त को सम्पन्न होगी। इनमें से विजेता विद्यार्थी मंडलस्तरीय प्रतियोगिता में अगले महीने भाग लेंगे।

# गीत में काव्या सिंधु, वाचन में सोफिया व सामान्य ज्ञान में श्वेता अव्वल

## जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में आयोजित हुई संस्कृत खोज प्रतियोगिता

**⊙ खास बात**

**दर्जन भर विद्यालयों के 75 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में लिया भाग**

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा जेएस हिंदू (पीजी) कॉलेज में प्रायोजित जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से संस्कृत के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ेगी। उन्हें प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ0 अरविंद कुमार ने बताया कि जनपद के लगभग दर्जन भर विद्यालयों के 75 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें संस्कृत वाचन, संस्कृत सामान्य ज्ञान और संस्कृत गीत प्रतियोगिता कराई गई। इन प्रतियोगिताओं में से गीत प्रतियोगिता में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज अमरोहा की काव्या सिंधु ने प्रथम, सनातन धर्म माध्यमिक संस्कृत विद्यालय गजरौला के संचित शर्मा ने द्वितीय और श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज हसनपुर अमरोहा की छात्रा नंदिका राव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत वाचन प्रतियोगिता में केपी इंटर कॉलेज शादपुर अमरोहा के विद्यार्थियों ने ही तीनों स्थान क्रमशः सोफिया ने प्रथम, आंचल ने द्वितीय तथा हिमांशी चौहान ने तृतीय प्राप्त किया। संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सनातनधर्म माध्यमिक संस्कृत विद्यालय गजरौला की छात्रा श्वेता ने प्रथम, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज, गजरौला की छात्रा रिया भाटी ने द्वितीय तथा अक्सा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता को 1000 द्वितीय को 800 तथा तृतीय को 700 रुपये का पुरस्कार उनके खाते में प्रदान किया जाएगा। साथ ही आयोजन स्थल पर उन्हें संस्कृत संस्थान का प्रमाण पत्र प्रतीकात्मक चेक और ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इनमें से प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्तकर्ता विद्यार्थी मंडलस्तरीय प्रतियोगिता में अगले माह प्रतिभाग करेंगे और मंडलस्तर के विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। श्रीमद्दयानंद आर्ष कन्या गुरुकुल चोटीपुरा की शिक्षिका सीता आर्या, वीरांगना अवंती बाई राजकीय कन्या महाविद्यालय बरेली के डॉ0 रिंकू कुमार, किसान उपकारक इंटर कॉलेज बावलपुर बांसली संभल के खेमराज शर्मा आदि निर्णायक रहे। साथ ही इस मौके पर महाविद्यालय में चल रहे संस्कृत सप्ताह महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को संस्कृत अध्ययन की स्थिति एवं भविष्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में विषय पर गोष्ठी भी आयोजित हुई। जिसमें विचार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि नई शिक्षा नीति के प्रावधानों से संस्कृत अध्ययन की स्थिति में सुधार की अनेक संभावनाएं हैं। विद्यार्थियों को संस्कृत में निहित ज्ञान विज्ञान के गूढ रहस्याओं को सीखने के लिए इस भाषा को अवश्य पढ़ाना चाहिए। सनातन धर्म संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के सेवानिवृत प्रधानाचार्य डॉ0 कृष्ण अवतार शर्मा ने बताया कि संस्कृत विशाल शब्दराशि का अगाध भंडार है, जिसके माध्यम से अनेक अर्थों को एक शब्द के माध्यम से तथा एक अर्थ को अनेक शब्दों के माध्यम से आसानी से व्यक्त किया जा सकता है। दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, मुरादाबाद की असिस्टेंट प्रोफेसर अंजलि उपाध्याय ने आधुनिक संस्कृत कविता पर अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर डॉ0 नवनीत बिश्नोई, शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजकिशोर शुक्ला, डॉ0 रश्मि उपाध्याय, डॉ0 आभा सिंह, विकास मोहन श्रीवास्तव, अमित भटनागर, डॉ0 जितेंद्र कुमार, डॉ0 राजीव कुमार, डॉ0 अनुराग कुमार पांडेय, शिवमगन सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ0 पीयूष कुमार शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक विद्यार्थी, संस्कृत के अध्ययनरत छात्राओं समेत प्रतिभागियों के अभिभावक व शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।







संस्कृतसप्ताहमहोत्सवः
: आयोजक :-
उत्तर-प्रदेश-संस्कृत-संस्थानम्, लखन
(भाषाविभागः, उत्तरप्रदेश-शासनाधीनः)
संस्कृत-प्रतिभा अन्वेषणे
दिनांक - २१ अगस्त २०२४, बुधवासरः
आयोजनस्थलम् - जगदीशसरन हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
संयोजक
डॉ० अरविन्दकुमार
J.S.H. (P.G.) COLLEGE
AMROHA
Shot on OnePlus
Deep Kumar




उत्तर-प्रदेश-संस्कृत-संस्थानम् , लखनऊ
(भाषाविभागः, उत्तरप्रदेश-शासनाधीनः)
J.S.H. (P.G.) COLLEGE
AMROHA


उत्तर-प्रदेश-संस्कृत-संस्थानम् , लखनऊ
(भाषाविभागः, उत्तरप्रदेश-शासनाधीनः)
संस्कृत-प्रतिभा अन्वेषणे
J.S.H. (P.G.) COLLEGE
AMROHA



संस्कृत-प्रतिभा अन्वेषणे
अमरोहा-जनपदस्तरीयाः संस्कृतगीत-संस्कृतवाचन-संस्कृतसामान्यज्ञान-प्रतियोगिताः
दिनांक - २१ अगस्त २०२४, बुधवासरः
जगदीशसरन हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा
S.H. (P.G.) COLLEGE
AMROHA